संपादकीय

# सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कांग्रेस पर हमले के अभियान में पाकिस्तान एक नया कनेक्शन है। हालाकि शुरु आती चुनाव से ही पाकिस्तान को भारत के विरुद्ध खतरे के रूप में चिह्नित किया जाता रहा है।

ताजा आरोप है कि पाकिस्तान 'शहजादे' यानी राहुल गांधी की ताजपोशी के लिए बहुत उछल रहा है। यह 'चुनाव को प्रभावित करने' का एकरेखीय आरोप नहीं है, जैसा कि चीन-रूस के बारे में अमेरिका का होता है।

प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान की राहुल में दिलचस्पी के दुष्परिणामों को आंतरिक और बाह्य, दोनों स्तरों पर दिखाते हैं। इससे देश में इस्लामिक जेहाद-आतंकवाद जोर पकड़ेगा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता खंडित होगी, सुरक्षा-व्यवस्था कमजोर पड़ेगी और नागरिकों को भुगतना पड़ेगा। यह कांग्रेसी राज का दुर्भाग्यपूर्ण फिनोमिना रहा है। इससे भारत की चहुंदिस जारी वैश्विक प्रगति भी थम जाएगी। रिकॉर्ड्स पर टिके मोदी के इस आकलन से शायद ही

असहमति होगी। पाकिस्तान से दो-दो लड़ाइयां जीतने के बावजूद कांग्रेसी हुकूमत के बनिस्बत मोदी की सुरक्षा व्यवस्था निस्सदेह पुख्ता है-कश्मीर में आतंकवाद की छिटपुट वारदात के बावजूद। 'घर में घुस कर मारने' की बात अब चेतावनी नहीं होती। इसलिए दुश्मन में दहशत पैदा करती हैं। पर क्या पाकिस्तान वास्तव में इस हालत में रह गया है कि वह आज के भारत को नुकसान पहुंचा सके? आतंक के मोर्चे पर यह आज भी सही है।

इसलिए ही, पाकिस्तान आम भारतीयों में अलगाववाद और खून-खराबे के जेहाद का नाम है। इसका केवल चुनाव के समय ही नहीं, बाकी दिनों में भी किया गया उल्लेख अधिकतर भारतीयों के विचारों को ध्रुवीकृत कर देता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी की वोट जेहाद की अपील, जो एक सांप्रदायिक विचारों की लामबंदी से है, बहुसंख्यक मतों का ध्रुवीकरण कर सकती है। मोदी इन मुद्दों का फायदा उठाना चाहते हैं। आरक्षण और संविधान, जो चुनाव में अंडरकरंट मुद्दे हैं, उनमें भी मत-विभाजन का लाभ चाहते हैं। इस मामले में बैकफुट पर चल रहे मोदी को कांग्रेस पर हमले के नये तर्क मिल गए हैं। वे उसके अल्पसंख्यक-प्रेम को ओबीसी कोटे की हकमारी बताते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, इसकी वे कांग्रेस से लिखित गारंटी चाहते हैं। यह भय का वैसा ही तर्क है, जैसा कांग्रेस जनमानस में बिठा रही है कि 'मोदी आए तो लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण कुछ भी नहीं बचेगा।'

## पेटीएम ने की भुगतान एवं वित्तीय उत्पादों पर फोकस बढ़ाने के लिए नेतृत्व में बदलावों की घोषणा

**नई दिल्ली**




पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने बड़ा और लाभकारी भुगतान एवं वित्तीय सेवा वितरण कारोबार तैयार करने के लिए अपने शीर्ष प्रबंधन में विस्तार की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में बताया कि भुगतान एवं ऋण कारोबार की जिम्मेदारी संभालने वाले कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने निजी कारणों से करियर में ब्रेक लेने का फैसला किया है।

वह इस साल के अंत तक परामर्शदाता की भूमिका में कंपनी के साथ बने रहेंगे और पेटीएम के विकास से जुड़ी पहलों में मार्गदर्शन करेंगे।

पेटीएम के संस्थापक एवं सीईओ विजय शंकर शर्मा ने भावेश गुप्ता के योगदान और सुगम परिवर्तन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

शर्मा ने कहा, भुगतान और ऋण पर हमारा फोकस पहले से कहीं ज्यादा है। मैं, हमारी योजनाओं को मूर्तरूप देने के लिए, हमारे हर कारोबार में मौजूद अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं के साथ काम करूंगा।

गुप्ता ने कहा कि वह सलाहकार की भूमिका में पेटीएम को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में सृजित भुगतान एवं वित्तीय सेवाओं के नेतृत्व की गहराई को देखते हुए मुझे विश्वास है कि पेटीएम नई ऊंचाइयों को छुएगा।

कंपनी ने अपनी वेल्थ सब्सिडियरी पेटीएम मनी लिमिटेड (पीएमएल) में भी नेतृत्व में बदलाव किया है। हाल ही में उसने राकेश सिंह को इसका सीईओ नियुक्त किया है।

पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर को नई जिम्मेदारी देते हुए पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीएसपीएल) का सीईओ बनाया गया है।

शर्मा ने कहा, देश में म्युचुअल फंड और वेल्थ मैनेजमेंट उत्पादों की पहुंच बढ़ाने में पेटीएम की भूमिका ने वरुण के नेतृत्व में जो दिशा हासिल की है उसे लेकर मैं उत्साहित हूं।

उन्होंने कहा, मैं पेटीएम वेल्थ बिजनेस में राकेश का स्वागत करता हूं, जहां हम युवा भारतीयों को टेक्नोलॉजी आधारित विश्व स्तरीय वेल्थ उत्पादों की पेशकश के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सिंह ने कहा कि पेटीएम मनी लिमिटेड के सीईओ की भूमिका में प्रवेश करना एक सम्मान और एक जिम्मेदारी दोनों है।

## केंद्र ने प्याज के निर्यात पर से हटाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया, हालांकि न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 550 डॉलर प्रति टन की शर्त रखी गई है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि प्याज निर्यात नीति में बदलाव कर इसे प्रतिबंधित से मुक्त किया गया है। हालांकि अगले आदेश तक न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन की शर्त होगी।

इस कदम से प्याज किसानों को ऊंची कीमत मिलेगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद मिलेगी।

सरकार ने 27 अप्रैल को छह देशों बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को कुल 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी थी।

सरकार ने 8 दिसंबर 2023 को इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्रतिबंध लगाया गया था क्योंकि 2023-24 में खरीफ और रबी दोनों फसलों का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में कम होने का अनुमान है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसकी मांग बढ़ गई है।

## कोटक बैंक की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपए पर

**मुंबई**

निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़कर 4,133 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 3,496 करोड़ रुपये था।

घोषित वित्तीय परिणामों में बैंक ने बताया कि तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध ब्याज आय 13 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 6,103 करोड़ रुपये थी।

बैंक ने अपनी परिसंपत्ति की गुणवत्ता में भी सुधार दर्ज किया है। सकल गैर-निष्पादित परसंपत्ति (एनपीए) पिछले साल के 1.78 प्रतिशत से घटकर 1.39 प्रतिशत रह गई है। शुद्ध एनपीए भी एक साल पहले के 0.37 प्रतिशत से गिरकर 0.34 प्रतिशत पर आ गया।

बैंक द्वारा दिया गया ऋण मार्च के अंत में एक साल पहले के मुकाबले 20 प्रतिशत बढ़कर 3,91,729 करोड़ रुपये हो गया।

## एफआईआई की बिकवाली का असर लार्ज कैप शेयरों पर

**नई दिल्ली**

शेयर बाजार में लार्ज कैप शेयरों का परफॉर्मेंस एफआईआई की बिकवाली से प्रभावित हो रहे है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अभी चौथी तिमाही के नतीजे का मौसम चल रहा है, इसमें निवेशकों को अपना पोर्टफोलियो इसी आधार पर बनाना चाहिए। बाजार बैंक ऑफ़ इंग्लैंड की नीति और यूरोजोन के जीडीपी आंकड़ों को लेकर भी सतर्क रहेगा।

उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हाई वैल्यूएशन और चुनाव संबंधी किसी झटके के कारण बाजार में कुछ हद तक करेक्शन हो सकता है।

उन्होंने कहा कि एफआईआई बाजार में बिकवाली करते रहे, जिससे लार्ज कैप शेयरों के प्रदर्शन पर असर पड़ा।




उम्मीद से थोड़ी बेहतर चौथी तिमाही की आय और तेल की कीमतों में सुधार के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। उन्होंने कहा, हालांकि हाई इन्फ्लेशन की स्थिति जारी रहने की फेड की चेतावनी के चलते घरेलू बाजार में करेक्शन होने लगा।

ऑटो कंपनियों की अच्छी कमाई के कारण सेक्टर का प्रदर्शन थोड़ा बेहतर रहा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, चौथी तिमाही के सकारात्मक नतीजों और बिजली की मांग में बढ़ोतरी के कारण बैंकों और पावर सेक्टर में हलचल दिखाई दे रही है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा: हमें उम्मीद है कि बाजार व्यापक दायरे में मजबूत होगा।

## आईपीएल 2024 : डु प्लेसिस ने गुजरात टाइटंस पर 4 विकेट से जीत के साथ बेंगलुरु की प्लेऑफ की उम्मीद बचाए रखी

**बेंगलुरु**

यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और कप्तान फाफ डु प्लेसिस की तूफानी 64 रनों की पारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को चार विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद बचाए रखी।

यश दयाल के बाद विशक विजयकुमार और मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए और जीटी को 147 रन के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। डु प्लेसिस और विराट कोहली ने आरसीबी को 92 रन की शुरुआती साझेदारी के साथ धमाकेदार शुरुआत दी और सिर्फ 35 रन पर आउट हो गए।

डु प्लेसिस इन दोनों में से अधिक आक्रामक थे। उन्होंने 23 गेंदों में क्रीज पर रहकर 10 चौके और तीन छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद जीटी ने 6-11 ओवरों में छह विकेट लेकर आरसीबी की शानदार बल्लेबाजी की शुरुआत की।




दिनेश कार्तिक के नाबाद 21 और स्वप्निल सिंह के नाबाद 15 रन की मदद से आरसीबी ने 13.4 ओवर में जीत हासिल कर ली और अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई। आरसीबी की जीत का मतलब जीटी भी नौवें स्थान पर खिसक गया, जबकि मुंबई इंडियंस अंक तालिका में दसवें स्थान पर काबिज हो गई।

दयाल, विशाक और सिराज ने आईपीएल 2024 में आयोजन स्थल पर जीटी को सबसे कम स्कोर पर समेटने के लिए अपनी लंबाई और लय का प्रदर्शन किया। कैमरून ग्रीन और कर्ण शर्मा ने भी एक-एक विकेट लेकर उनका समर्थन किया।

शाहरुख खान, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया ने 30 रन बनाए, लेकिन इनमें से किसी ने भी इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं किया और तीसरी बार जीटी इस सीजन में ऑल आउट हो गई।

सिराज ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए अच्छा खेला। उन्होंने बाहरी गेंद को लपककर रिद्धिमान साहा को चौथी बार आईपीएल से बाहर किया।

## बजरंग पूनिया की पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों को झटका, एनएडीए ने किया सस्पेंड



**नई दिल्ली**

बजरंग पूनिया की पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी ने ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, बजरंग पूनिया ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए सेलेक्शन ट्रायल में डोप टेस्ट नहीं दिया था, जिसके बाद राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग एजेंसी (ह्वरष्ठ) ने बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है।

नाडा के इस फैसले से बजरंग पूनिया के पेरिस ओलंपिक जाने की उम्मीदों के झटका लग सकता है। नाडा ने लिखा, 'ह्वरष्ठक्र 2021 के आर्टिकल 7.4 के मुताबिक आपको (बजरंग पूनिया) तत्ककालीन प्रभाव से प्रोवेशनली सस्पेंड किया जाता है। जब तक इस मामले की सुनवाई और फैसला नहीं होता है तब तक आप किसी भी प्रतियोगिता या गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकते हैं। अगर बजरंग पर यह आरोप कायम रहते हैं तो वह ओलंपिक के लिए होने वाले सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ट्रायल्स जीतने वाला खिलाड़ी ही पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

## थिएटर के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई अजय देवगन की शैतान

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर हॉरर फिल्म 'शैतान' ने थिएटर में खूब गर्दा उड़ाया. इस फिल्म ने अपने काले जादू से दो महीने तक बॉक्स ऑफिस को अपने वश में किये रखा और जमकर कारोबार किया. इस फिल्म की ओटीटी रिलीज का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था. वहीं थिएट्रिकल रिलीज के लगभग दो महीने बाद फाइनली 'शैतान' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे दी है. चलिए जानते हैं इस सुपरनेचुरल थ्रिलर को ओटीटी पर कब और कहां देख सकते हैं?



'शैतान' काले जादू और तंत्र मंत्र पर बेस्ड फिल्म है. इस हॉरर थ्रिलर की कहानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और इसने सिनेमाघरों में शानदार परफॉर्म किया था. वहीं थिएटरों में धमाल माचने के बाद फाइनली 'शैतान' ओटीटी पर रिलीज हो गई है. ये फिल्म दिग्गज प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर अवेलेबल है. शुक्रवार को, स्ट्रीमिंग दिग्गज ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की थी कि फिल्म शनिवार, 4 मई, 2024 को डिजिटल रिलीज हो रही है.

फिल्म के एक पोस्टर के साथ, नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, घर के दरवाजे बंद रखना, कहीं शैतान ना आ जाए शैतान आधी रात को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करनी शुरू कर रहा है!यानी जो लोग 'शैतान' को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, वे अब अपने घरों में आराम से फिल्म का मजा ले सकते हैं.

## पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीर मल्लू का टीजर जारी

पावर स्टार पवन कल्याण की आने वाली फिल्म हरि हर वीर मल्लू का टीजर रिलीज हो गया है। यह उनकी पैन इंडिया फिल्म है, जिसका दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। टीजर के साथ फिल्म का नया पोस्टर भी जारी किया गया है। फिल्म को इसी साल रिलीज किया जाएगा। हालांकि, इसकी तारीख को लेकर निर्माताओं की ओर से कोई खुलासा नहीं किया गया है।



फिल्म निर्माताओं की ओर से 30 अप्रैल को घोषणा की गई थी कि हरि हर वीर मल्लू का टीजर रिलीज कर दिया जाएगा। पवन के फैंस तभी से उनकी झलक देखने के लिए बेताब हो रहे थे। आज निर्माताओं ने अपने वादे के मुताबिक टीजर जारी कर दिया है। हरि हर वीर मल्लू एक पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इसका निर्देशन कृष जगरलामुडी ने किया हैं। खास बात यह है कि इसे दो भाग में रिलीज किया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए खुशियां भरा रहने वाला है। आज किसी नए वाहन को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। आपके आस-पास के कुछ लोग आपके विरोधी भी बन सकते हैं जिनसे आपको बचना होगा।

**वृष-** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। आज आपको अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की जरूरत है। विदेश जाने की इच्छा रख रहे लोगों को कोई अच्छा मौका मिल सकता है।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे तो आपको लाभ होगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बीताएंगे। आज आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बनाएंगे।

**कर्क-** आज के दिन आपको इच्छित फल प्राप्त होंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी आएंगी, जिसे आप पूरा करेंगे। माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आज आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आयेंगे, जिनसे मिलकर अपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको बेकार की उलझन में पडऩे से बचने की जरूरत है।

**वृश्चिक-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। दिनचर्या में टहलना शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है ।

**कुंभ-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में कार्यरत लोगों को तरक्की मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी नए काम की शुरुआत जीवनसाथी से करा सकते हैं। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं।

**मीन-** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। किसी बचपन के मित्र से बहुत दिनों बाद मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी।

## त्वचा को हाइड्रेट रखने में कारगर है खरबूजे का जूस

गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. खरबूजा खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना गया है. यही नहीं इसका जूस त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है और चेहरे की गंदगी को साफ करता है. यह त्वचा के लिए नेचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है. इसमें पानी और विटामिन भरपूर होता है, जो चेहरे को खूबसूरत बनाने में मदद करता है.

**खरबूजे का जूस-** गर्मी के दिनों में अगर आप रोजाना खरबूजे का जूस पीते हैं, तो इसमें मौजूद एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण त्वचा के चिपचिपे पन को दूर कर पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं. इसके जूस में विटामिन सी भरपूर होता है, जो त्वचा को मुलायम बनाता है. यही नहीं खरबूजे का जूस झुर्रियों को कम करने में भी काफी कारगर माना गया है. इसके अलावा खरबूजा सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना गया है. आप इसका रोजाना सेवन कर अपने शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं.

**ऐसे करें सेवन -** खरबूजे का जूस आप घर पर बनाकर पी सकते हैं. इसके अलावा आप किसी स्टोर से खरीद कर उसका उपयोग करें.



इसे आप दिन में दो बार पी सकते हैं, ध्यान रहे जूस ताजा होना चाहिए. इसके अलावा आप खरबूजे के जूस को किसी दूसरे जूस में शामिल कर भी पी सकते हैं. गर्मी के दिनों में आप खरबूजे के जूस को अपनी डाइट में शामिल कर अपनी त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं.

इसके अलावा कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. जैसे इसके जूस का अधिक सेवन करने से कुछ लोगों को समस्या हो सकती है. अगर इससे आपको कोई एलर्जी या समस्या होती है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें. डायबिटीज पेशेंट इसका सेवन डॉक्टर की सलाह लेकर करें. अगर आप भी चमकदार स्किन पाना चाहते हैं, तो आज से खरबूजे का जूस पीना शुरू कर दें.


## शब्द सामर्थ्य- 48

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 48

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.047 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |